भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 428
20 जुलाई, 2021 को उत्तरार्थ

विषय: आत्मनिर्भर कृषि एप

428. श्री बी.वाई.राघवेन्द्र:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे

(क) क्या केंद्र सरकार ने किसानों को कार्रवाई योग्य कृषि अंतर्दृष्टि और मौसम संबंधी चेतावनी (अलर्ट) प्रदान करने के लिए हाल ही में 'आत्मनिर्भर कृषि एप' शुरू किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन एजेंसियों के नाम क्या हैं जिनके अंतर्गत यह एप विभिन्न राज्यों में अपनी सेवाएं प्रदान करेगा;
(ग) क्या यह एप देश भर के प्रत्येक गांव, विशेषकर दूर दराज के इलाकों में भी सुलभ होगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने किसानों के बीच इस एप के बारे में जागरूकता उत्पन्न की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) सरकार द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइटों और अन्य प्लेटफार्मों पर विज्ञापन के माध्यम से उक्त एप को लोकप्रिय बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

<u>उत्तर</u>

<u>कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)</u>

(क): भारत सरकार ने सीएसआर निधियों द्वारा समर्थित आत्मनिर्भर कृषि एप के विकास की सुविधा प्रदान की है।
(ख): उपयोग के लिए एप को गूगल प्ले स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के साथ साझेदारी में राज्य स्तर पर पहुंच की सुविधा प्रदान की जा रही है।
(ग): कोई भी किसान/नागरिक जिसके पास बेसिक स्मार्ट फोन है, एप डाउनलोड कर सकता है।
(घ) और (ड.): क्षेत्रीय भाषाओं में सोशल मीडिया और प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से लोकप्रियता हासिल की गई।